हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जून 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

12 अंग्रेजों के जमाने का कलेक्टोरेट बनेगा ...



13 अधिकारी-कर्मचारी आम नागरिकों से करें अच्छा ...



[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




## खबर संक्षेप

### अधेड़ की हत्या, संदिग्ध लोगों को लिया हिरासत में

**भिलाई।** अधेड़ की हत्या कर लाश को छोड़कर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई-3 थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि ग्राम रिंगनी स्थित फार्म हाउस में नीलकंठ नामक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिला है। घटना स्थल में मिलने साक्ष्य के मुताबिक नीलकंठ की हत्या की गई होगी। नीलकंठ और उसकी पत्नी का विवाद घटना की रात हुआ था। इसके बाद नीलकंठ की लाश मिली है। पुलिस संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक नीलकंठ नशा का आदी था। उक्त फार्म हाउस में काम करता था। सीएसपी छावनी ने बताया कि शव का पीएम के बाद ही हत्या या अन्य कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि विवाद में अन्य कई लोगों का नाम भी सामने आ रहा है। पुलिस फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। अब तक आरोपियों के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिल पाई है। संदिग्धों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### जनवरी से मई 2025 के बीच सड़क दुर्घटनाओं में 177 लोगों ने गंवाई थी जान

# दुर्ग जिले का 'डेथ ऑडिट'- पांच माह में सड़क हादसों की मौतों में आई 28 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में होने वाली हर एक सड़क दुर्घटना में मौत का 'डेथ ऑडिट' होने और उसमें मिली कमी को दूर करने लाभ जिले को मिल रहा है। पिछले पांच महीने में जिले में सड़क दुर्घटना में मौत के आंकड़ों में 28 प्रतिशत की कमी आई है। ऐसा माना जा रहा है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा की जा रही संयुक्त कार्रवाई के चलते ये मुमकिन हो पा रहा है।दुर्ग पुलिस से मिले आंकड़ों के मुताबिक इस साल के शुरुआती पांच महीनों यानि जनवरी से 28 मई 2026 तक पिछले साल की तुलना में सड़क हादसों में होने वाली मौतों के ग्राफ में 28 फीसदी की गिरावट आई है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में नियमित रूप से हो रही बैठकों और 'डेथ ऑडिट' जैसे कड़े कदमों के कारण यह सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

### मौतों का आंकड़ा 177 से घटकर पहुंचा 127 पर

यातायात विभाग से मिली जानकारी के तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में जनवरी से मई के बीच सड़क दुर्घटनाओं में जहां 177 लोगों की असमय मौत हुई थी, वहीं वर्ष 2026 में यह आंकड़ा घटकर 127 रह गया है। इसके अलावा कुल घायलों की संख्या भी 520 से घटकर 515 पर आ गई है। सबसे बड़ी राहत मई के महीने में मिली, जहां पिछले साल की 23 मौतों के मुकाबले इस साल केवल 17 मौतें दर्ज की गईं हैं।

### 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' का दिख रहा असर

दुर्ग कलेक्टर के आदेश पर जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' के नियम को कड़ाई से लागू कराया जा रहा है। आदेश का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई के लिए पत्राचार किया जा रहा है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह चालकों के खिलाफ भी इस साल रिकॉर्ड तोड़ चालानी कार्रवाई की गई है।

### हादसों वाली जगहों की पुलिस कर रही पड़ताल



### हर घातक दुर्घटना का हो रहा 'डेथ ऑडिट'



जिले में घटित होने वाली प्रत्येक गंभीर सड़क दुर्घटना के बाद मोटरयान अधिनियम की धारा 135 के तहत घटना स्थल का विशेष निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम, पुलिस, परिवहन विभाग और सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारी संयुक्त रूप से मौके पर जाकर 'डेथ ऑडिट रिपोर्ट' तैयार करते हैं। इसके तहत रोड इंजीनियरिंग की कमी, इनफोर्समेंट की कमी या विजिबिलिटी की समस्या का विस्तृत विश्लेषण कर तत्काल सुधारात्मक उपाय जैसे- रम्बल्ड स्ट्रीप, क्रश बैरियर, रेडियम रिफ्लेटर टेप और झाड़ियों की कटाई जैसे कार्य किए जा रहे हैं। **-विजय अग्रवाल,** एसएसपी, दुर्ग

### नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

बिना हेलमेट वाहन चालने पर वर्ष 2025 में जहां महज 5,648 प्रकरण बने थे, वो इस वर्ष 28 मई तक 34,766 प्रकरण बनाकर 1.73 करोड़ से अधिक का समन शुल्क वसूला गया। इसके साथ ही ड्रिंक एंड ड्राइव (शराब पीकर वाहन चलाना) के मामलों की बात की जाए तो पिछले साल 441 मामलों की तुलना में इस साल 1,393 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया। इनसे 3.46 करोड़ रुपये से अधिक का समन शुल्क वसूला गया है।

# शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर ठगी करने वाला पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शेयर मार्केट में इंवेस्ट करने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि न्यु राजेन्द्र नगर अमलीडीह रायपुर निवासी दीपक गाडगे, सेक्टर 6 पीपी राव ने शिकायत किया था। जिसमें पुरानी बस्ती सुपेला निवासी टोमन दास साहू द्वारा शेयर मार्केट में पैसा इंवेस्टमेंट कर लाभ कमाने का प्रलोभन दिया। इस दौरान दीपक गाडगे से अलग अलग कर 23 लाख, भीष्म महिलांग 15 लाख रूपया, पीपी राव 10 लाख रूपया लेकर ठगी किया। आरोपी टोमन साहू शुरुआती दिनों में लाभांश दिया लेकिन समय बीतने पर रकम देना बंद कर दिया। परेशान होकर पीड़ितों ने टोमन का चक्कर काटने लगे लेकिन रकम उसने किसी का नहीं लौटाया। तब जाकर पुलिस को इसकी शिकायत की गई। पुलिस ने आरोपी के पास से ऑफीस व घर से कार, लेपटॉप, सीपीयु, की बोर्ड, मोनिटर, चेक बुक, दो मोबाईल, लेन-देन की डायरी, ट्राफी जब्त किया है। इस मामले में पुलिस पीड़ितों की तलाश कर रही है। आने वाले दिनों में नए खुलासे इसमें किया जा सकता है। कार्रवाई थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सिकलिंग पीड़ितों को निःशुल्क ब्लड चढ़ाने की योजना का बुरा हाल

# डोनर नहीं होने पर सिकलिंग पीड़ित युवती को नहीं चढ़ाया ब्लड, मौत

### जिला अस्पताल में हुई लापरवाही परिजनों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अस्पताल में 22 वर्षीय सिकलिंग पीड़ित युवती की जान इसलिए चली गई कि उनके परिजनों को एक्चेंज ब्लड डोनर नहीं मिला। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग सिकलिंग मरीजों को निःशुल्क ब्लड मुहैया करवाती है लेकिन जिला अस्पताल में परिजनों को कहा गया कि डोनर लाओ तभी ब्लड देंगे। तीन दिन तक भर्ती इस युवती को ब्लड नहीं चढ़ाया गया। केवल सलाइन चढ़ाए। आखिरकार सोमवार को इस युवती ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने डॉक्टरों व स्टॉफ की लापरवाही का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत कलेक्टर से भी की गई है। इस घटना से परिजनों व मुहल्लेवासियों में आक्रोश की स्थिति है।



मृतिका दीपिका

### अचानक तबीयत बिगड़ने पर किया था भर्ती

मृतका दीपिका गाड़ा एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा वार्ड क्रमांक 17 निवासी है। उनके पिता मन्नूराम गाड़ा व माता नीमाबाई गाड़ा ने बताया कि शनिवार 30 मई की रात अचानक दीपिका की तबियत बिगड़ गई। बुखार और हाथ पैर में दर्द की शिकायत थी। 108 एबुलेंस को कॉल किया गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। मेरी बच्ची को सिकलिंग की बीमारी है इसकी जानकारी भी वहां के डॉक्टरों व स्टॉफ को दी। उसके इलाज शुरू हुआ। पिता मन्नूराम मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण करते हैं।

### जॉब की कर रही थी तैयारी

मृतका दीपिका गरीब परिवार की होनहार बेटी थी। पिता भले ही मजदूरी करते थे लेकिन दीपिका ने आईआईटी की थी। वर्तमान में वह रेलवे में जॉब की तैयारी कर रही थी। अपने माता-पिता की वह सहारा बनना चाहती थी लेकिन लापरवाही ने न केवल उसकी बल्कि उनके माता-पिता के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया।

### परिजनों ने शव लेने से किया इनकार

दीपिका की मौत ने पूरे परिवार को ही नहीं बल्कि मुहल्लेवासियों को हिलाकर रख दिया है। दोपहर को दीपिका की मौत हुई। उसके बाद शव मरच्यूरी में रखा गया। परिजनों ने कलेक्टर से शिकायत की और शव लेने से भी इनकार कर दिया। मृतिका दीपिका की माता नीमाबाई ने साफ कह दिया कि जब तक मेरी बेटी को न्याय नहीं मिलेगा तब तक शव नहीं लूंगी। मेरी बेटी की मौत डॉक्टरों की लापरवाही से हुई। डॉक्टरों व दोषी स्टॉफ पर कार्रवाई की गुहार मां नीमाबाई ने लगाई है। अफसरों और लोगों के समझाने-बुझने के बाद देर शाम पीएम हुआ।

### डोनर लाओ तभी मिलेगा ब्लड

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से सिकलिंग मरीजों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। बकायदा जिला ब्लड बैंक प्रबंधन इसके ढिढ़ोरे भी पीटता रहा है। मृतका की मां नीमाबाई ने बताया कि मेरी बेटी को सिकलिंग की वजह से ब्लड की जरूरत बताई गई। जब ब्लड बैंक में गए तो वहां कहा गया कि कोई डोनर ले आओ। डोनर ब्लड देगा तो हम उसके बदले आपकी बच्ची के लिए ब्लड देंगे। आखिरकार परिवार को कोई डोनर नहीं मिला और दीपिका ने ब्लड के अभाव में दम तोड़ दिया।

### सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज से सीधी बातचीत

सवाल- 22 वर्षीय दीपिका की मौत हो गई है। किसलिए भर्ती किया गया था।
जवाब- दीपिका को सिकलिंग की समस्या थी।
सवाल- सिकलिंग मरीजों को क्या आपके हॉस्पिटल में शासन से मुफ्त ब्लड उपलब्ध कराया जाता है या नहीं।
जवाब- सिकलिंग मरीजों को मुफ्त ब्लड देते हैं।
सवाल- दीपिका भी सिकलिंग पीड़ित थी। परिजनों का आरोप है कि उसे ब्लड बैंक में डोनर लाने के लिए कहा गया।
जवाब- ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. जेपी मेश्राम से जानकारी ली तो उन्होने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं है। मामले की जांच करवाता हूं। पीएम के बाद भी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।


# ऑनलाइन सट्टा मामले में क्रांति सेना का उपाध्यक्ष गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टे के मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के जिला उपाध्यक्ष चेतन चंदेल को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि चेतन चंदेल का नाम पहले पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ के दौरान बताया था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। चेतन चंदेल का सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के साथ बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। घटना के बाद स्मृति नगर चौकी में उसके खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिस से दुर्व्यवहार करने का अपराध दर्ज किया था। 31 मई को छावनी के कसाई मोहल्ला नहर किनारे कुएं के पास ऑनलाइन जुआ और सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिली थी।



सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आतिश गौर और नियाज अहमद को पकड़ा। उनके पास से चार मोबाइल फोन जब्त किया गया। पूछताछ करने पर चेतन चंदेल का नाम सामने आया। तलाश कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि चेतन चंदेल पहले भी आपराधिक मामलों से संबंध रहा है। उसके खिलाफ जुआ, सट्टा, मारपीट, छेड़छाड़ जैसे करीब 9 बार चालान किया जा चुका है। वह बालोद जिले में दर्ज बलवा के दो मामलों में भी शामिल रहा है।



खबर संक्षेप

## किसान कांग्रेस में , बेनू, अशोक और रविकांत संभालेंगे दुर्ग की कमान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने सांगठनिक मजबूती और बूथ स्तर तक संगठन को विस्तार देने के लिए दुर्ग संभाग के सभी जिलों में जिला प्रभारियों की अस्थाई नियुक्तियां की है। दुर्ग जिले के लिए तीन वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा की अनुशंसा पर यह सूची जारी की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री (संगठन) अकील हुसैन द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार दुर्ग व भिलाई जिला के सांगठनिक विस्तार के लिए बेनू साहू, अशोक चन्द्राकर और रविकांत बेस को प्रभारी नियुक्त किया गया है। दुर्ग संभाग के अंतर्गत होने वाले सभी सांगठनिक कार्यक्रम वरिष्ठ नेताओं की देखरेख में संपन्न होंगे।

### नई कंपोजिट बिल्डिंग सभी प्रमुख दफ्तरों को एक छत के नीचे लाने की तैयारी

# अंग्रेजों के जमाने का कलेक्टोरेट बनेगा संग्रहालय

# प्रस्तावित नई बिल्डिंग में होंगे प्रशासनिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

अंग्रेजों के जमाने का कलेक्टोरेट आने वाले समय में संग्रहालय का रूप लेगा। इसके ठीक पीछे एक नई कंपोजिट बिल्डिंग तैयार की जाएगी, जहां प्रशासनिक कार्य होंगे। प्रयास किया जा रहा है कि सारे प्रशासनिक कार्यों के दफ्तर एक ही छत पर उपलब्ध हों। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के बाद इसे लेकर कवायद शुरू हो गई है। मंगलवार को शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट की पुरानी बिल्डिंग और अन्य जगहों पर निरीक्षण किया। सुबह करीब 10 बजे से एक घंटे तक चले निरीक्षण में वर्तमान भवनों की स्थिति, पार्किंग, भू-अभिलेख कार्यालय, निर्वाचन शाखा, एनआईसी, विभिन्न विभागीय कार्यालयों तथा उपलब्ध भूमि का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने नवीन कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

**शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कलेक्टर अभिजीत सिंह के साथ किया निरीक्षण**



### डिजिटल प्रशासनिक व्यवस्था आधारित बिल्डिंग होगी तैयार

निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित भवन में सभी विभागों के कार्यालयों को एकीकृत रूप से स्थापित करने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त मीटिंग हॉल, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, सुव्यवस्थित प्रवेश द्वार, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, डिजिटल प्रशासनिक व्यवस्था तथा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने कहा गया। कलेक्टरेट परिसर में संचालित सभी विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भवन का ड्राइंग एवं डिजाइन तैयार किया जाए। उन्होंने डीपीआर तैयार करने कहा।

### एक ही परिसर में सारे दफ्तर होने से लोगों को नहीं होगी परेशानी

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की मंशा के अनुरूप दुर्ग में बनने वाली यह नवीन कंपोजिट बिल्डिंग केवल एक प्रशासनिक भवन नहीं होगी, बल्कि आने वाले कई दशकों तक सुशासन, पारदर्शिता और जनसुविधा का सशक्त केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के एक ही परिसर में संचालित होने से आम नागरिकों को विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा प्रशासनिक कार्यों में भी अधिक समन्वय और गति आएगी। उन्होंने कहा कि आईटी पार्क, इंडोर स्विमिंग पूल, अधोसंरचना विकास कार्यों के बाद अब आधुनिक कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण दुर्ग को एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक प्रशासनिक शहर के रूप में नई पहचान प्रदान करेगा।

## उरला तालाब के किनारे कब्जे सफाई लचर, मेयर ने फटकारा



**दुर्ग।** महापौर अल्का बाघमार ने वार्ड 57 एवं 58 का लगभग दो घंटे तक सघन निरीक्षण कर क्षेत्र की साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था, नाला-नाली निर्माण तथा नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत वार्ड क्रमांक 57 में श्रीराम मैरिज पैलेस क्षेत्र से की गई। महापौर ने गलियों एवं मोहल्लों में पहुंचकर नाला एवं नालियों की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां नाली निर्माण एवं नाला किनारे सफाई कार्य की आवश्यकता पाई गई, वहां तत्काल कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। नाला निर्माण से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के लिए महापौर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने कहा। नागरिकों द्वारा सड़क, नाली, सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत कराने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क सीमा क्षेत्र के अंतर्गत नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा दामादपारा, बजरंग नगर एवं उरला तालाब किनारे किए गए अवैध अतिक्रमणों को चिन्हांकित कर कार्रवाई करने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों एवं जल निकासी मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर देव नारायण चन्द्राकर, वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, रेशमा सोनकर एवं सरस निर्मलकर मौजूद थे।

## नाले से कचरा निकाल सड़क पर फेंका, उठती बदबू से लोग परेशान



**दुर्ग।** तस्वीर गिरधारी नाला के पास की है, जहां निगम के सफाई अमले की लापरवाही सामने आई है। इस जगह पर पिछले दिनों नाले की सफाई के बाद कचरा निकालकर फेंक दिया गया। 5 दिन बाद भी इसे उठाया नहीं गया है। लगातार शिकायत के बाद भी निगम के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। उठती बदबू से आसपास के लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति में पानी गिरने पर कचरा वापस नाले में चल जाएगा, जिससे नाले की सफाई का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। पार्षद से भी शिकायत की गई है।

## सफाई कामगार से मारपीट, थाने में प्रदर्शन, आरोपी ने स्वीकारी गलती



**भिलाई।** कुम्हारी के वार्ड 12 में शासकीय कर्तव्य पर तैनात सफाई कामगार संजय बंजारे के साथ हुई अभद्र व्यवहार, मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के मामले में नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन ने विरोध दर्ज कराया। घटना के बाद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने और उग्र आंदोलन किया गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष को एफआईआर नहीं कराने की धमकी दी जा रही थी। यूनियन ने साफ कर दिया कि धमकी और माफी साथ-साथ नहीं चल सकती। यूनियन किसी भी रसूखदार, नेता या गुंडे की धमकी से डरने वाली नहीं है। थाने के बाहर विरोध दर्ज कराया गया। इसके बाद आरोपी भीम सोनकर ने माफी मांगी। आरोपी ने गलती स्वीकार की। इसके बाद मामले का पटाक्षेप हुआ। इस अवसर पर लक्ष्मण साहू, ओमप्रकाश सोनकर, अनेश मनहरे, दाऊलाल, संजय बंजारे, सागर, गोपाल, खेमीन साहू, सरस्वती, आरती, वनिता, संध्या, कीर्ति, मंतोष सहित अन्य मौजूद थे।

## 5 जून को विशेष ग्राम सभाएं, नदी संरक्षण व जल संकट पर होगी चर्चा

**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर दुर्ग जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आयोजित होने वाली इन ग्राम सभाओं में स्वच्छता, जल संरक्षण, ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना है। छत्तीसगढ़ शासन का मोर गांव मोर पानी अभियान जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन एवं वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने वाला एक जनभागीदारी आधारित अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य गांवों में उपलब्ध जल स्त्रोतों का संरक्षण, जल संरचनाओं का निर्माण, भू-जल पुनर्भरण तथा जल के सतत एवं विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करना है। जिले की जीवनदायिनी मानी जाने वाली शिवनाथ नदी, खारून नदी सहित अन्य स्थानीय जल स्त्रोतों के लगातार घटते जलस्तर और बढ़ते प्रदूषण को लेकर भी चिंता व्यक्त की जा रही है। प्रशासन द्वारा संचालितमोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल निकायों के पुनर्जीवन पर विशेष जोर दिया जाएगा। ग्राम सभाओं में तालाबों, नालों और अन्य जल स्त्रोतों को अतिक्रमण एवं प्रदूषण से मुक्त रखने के उपायों पर भी चर्चा होगी।

World Bicycle Day



विश्व साइकिल दिवस प्रत्येक वर्ष 3 जून को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य साइकिल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा स्वस्थ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2018 में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। साइकिल एक सरल, सुलभ, सस्ती और टिकाऊ परिवहन का साधन है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी है।

मथुरा साइकिल स्टोर्स
WORLD BICYCLE DAY – 3 JUNE –
गणेश मंदिर रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग मोबाईल : 99261 66677
अधिकृत विक्रेता
STRYDER A TATA Product
KROSS STOP NOWHERE
AVON
SUNCROSS BIKES
RALEIGH




साइकिल का महत्व

साइकिल न केवल यात्रा का एक सुविधाजनक साधन है, बल्कि यह स्वास्थ्य सुधार का भी एक प्रभावी माध्यम है। नियमित साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है, हृदय मजबूत होता है तथा मोटापा और कई बीमारियों का खतरा कम होता है। इसके अलावा साइकिल ईंधन की बचत करती है और वायु प्रदूषण को भी कम करने में सहायक होती है।

पर्यावरण संरक्षण में योगदान

आज बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्या पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। साइकिल एक ऐसा साधन है जो किसी भी प्रकार का धुआं या हानिकारक गैस नहीं छोड़ती। यदि अधिक लोग छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करें, तो कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। इससे पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित बनेगा।

विश्व साइकिल दिवस हमें साइकिल के महत्व को समझने और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा देता है। स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और ईंधन की बचत के लिए साइकिल का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। आइए, इस अवसर पर साइकिल अपनाने और हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।



पिछले 48 वर्षों से संचालित शोरूम
सभी ब्रांड कंपनियों के सायकल्स के विक्रेता
छत्तीसगढ़िया साहू जी की दुकान
न्यू प्रकाश सायकल स्टोर्स
संतराबाड़ी, स्टेशन रोड, दुर्ग, सम्पर्क-74411-58510







BIKOTEK AVON HERCULES BSA montra HERO LECTRO
SAHOO CYCLES Nandini road, Powerhouse, Bhilai, C.G. (9827162596)
SANJAY CYCLES Shop no.74, A Market, Sector 1, Bhilai (9981522301)
दुर्ग में हमारी कोई शाखा नहीं है/ WE DO NOT HAVE ANY BRANCH IN DURG

# शासकीय भूमि पर अवैध रेत-मुरुम भंडारण जब्त, पंचायत को सौंपा गया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

ग्राम पंचायत दारगांव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर किए गए 7 हाईवा अवैध रेत एवं 2 हाईवा मुरूम, 1 हाईवा जीरा गिट्टी भंडारण के खिलाफ राजस्व विभाग ने जब्ती की बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में खनिज सामग्री जब्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दी है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देश पर राजस्व अमले ने मौके का निरीक्षण किया, जहां शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से रेत-मुरूम का भंडारण पाया गया। जांच के बाद पंचनामा तैयार कर खनिज सामग्री जब्त की गई तथा मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और अवैध भंडारण के पीछे कौन लोग जिम्मेदार हैं। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ राजस्व एवं खनिज नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल जब्ती तक कार्रवाई सीमित न रहे, बल्कि शासकीय भूमि को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही जब्त की गई रेत और मुरूम की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि कोई भी व्यक्ति उसे अवैध रूप से चोरी न ले जा सके।

इधर ग्रामीणों के बीच एक नई चर्चा यह भी है कि तहसीलदार वर्तमान में हड़ताल पर हैं। ऐसे में जिन अतिक्रमण मामलों में बेदखली के आदेश जारी हो चुके हैं, उन पर आगे की कार्रवाई आखिर किस अधिकारी के माध्यम से की जाएगी, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई में लगातार हो रही देरी से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। फिलहाल दारगांव में अवैध भंडारण पर हुई कार्रवाई के बाद अतिक्रमण के लंबित मामलों को लेकर भी प्रशासन पर जवाबदेही और कार्रवाई का दबाव बढ़ता नजर आ रहा है।

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की उठी मांग**



**जाँच जारी है**

"ग्रामीणों और पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा शिकायत पर कार्यवाही की गई। आगे और भी जाँच जारी है।
सोनल डेविड, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा

## खबर संक्षेप



### विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**उतई।** नगर पंचायत उतई वार्ड क्रमांक 3 में 5 लाख की लागत से आरसीसी रोड,नाली एवं पुलिया निर्माण लागत राशि लगभग भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू ,वार्ड पार्षद राकेश साहू ,उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख ,नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू, पार्षद शिव ठाकुर, सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, चंद्राकर, भीमसेन सिन्हा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बहादुर नेताम, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, कांग्रेस कार्यकर्ता धनंजय नेताम, तिलेश्वर साहू, टीकम डोनडे, खुमान सिंह, आशीष रावत, वार्ड वासी लोकनाथ वर्मा, जितेंद्र, राजेंद्र और राकेश यादव अन्य साथी उपस्थित थे।

### अग्निवीर में चयन होने पर निखिल का किया सम्मान



**पाटन।** भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले कुर्मी गुंडरा निवासी निखिल साहू को कुर्मी समाज के राज प्रधान युगल आडिल और ग्रामीण जन बधाई देने उनके निज निवास पहुँचे। बधाई देने रुपनारायण वर्मा, तरुण साहू, कृष्णा साहू, मुकेश वर्मा, महेश साहू, सोमन वर्मा, रमेश यदु, रमाकांत ठाकुर, पंचदेव साहू, किशोर चंद्राकर, मिलन साहू, चन्द्रहास यादव, बीरेंद्र साहू, रोहित सेन, लखन ठाकुर, डोमन ठाकुर, बलदाऊ ठाकुर, महादेव ठाकुर, भूपेंद्र यादव, गोविन्द यादव, परमानंद पटेल, भागवत सेन,गोरे वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, आशाराम वर्मा और धर्मेन्द्र वर्मा के अलावा ग्रामीण जन पहुँचे।

### जीवन रेलगाड़ी की तरह सत्संग और भक्ति से मिलता है सुख : नागेंद्र महाराज

**सेलूद।** ग्राम सेलूद के बजरंग चौक में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक नागेंद्र



महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन के महत्व और भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन एक रेलगाड़ी की तरह है, जिसकी यात्रा एक निश्चित समय तक ही होती है। इसलिए जब तक जीवन है, तब तक सत्संग, सेवा और अच्छे कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार व्यक्ति भोजन करना कभी नहीं भूलता, उसी प्रकार भगवान की पूजा और स्मरण को भी अपने जीवन का नित्य नियम बना लेना चाहिए। यदि मनुष्य नियमित रूप से ईश्वर की आराधना करे तो उसके जीवन में दुख और निराशा का स्थान नहीं रहता। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति एवं भागवत कथा का रसपान किया।

### आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुनील अग्रवाल आ. लक्ष्मी नारायण अग्रवाल की माता स्व. श्रीमती अंगुरी देवी अग्रवाल के नाम पर ग्राम जामुल स्थित कृषि भूमि क्रमशः खसरा नंबर 875, 876/1, 876/2, 876/3, 876/4, 878, 887, 888/1, 888/2, 888/3, 890, 891, 893,895/2 एवं 897 लगभग बीस एकड़ का फर्जी आम मुख्तियार क्रमशः याद विन्दर सिंह दुलाल, श्रीमति पुजा दुलाल, श्रीमती टंकराथी, आई.ए. थास द्वारा अपने अपने नाम से निष्पादित कराकर अपने अपने आम मुख्यार के माध्यम से स्वयं क्रेता बनकर क्रय कर स्टाम्प अभिलेख पर अवैध नामान्तरण करा लिए हैं। जिसके कारण क्रेतागण याद विन्दर सिंह दुलाल, श्रीमती पुजा दुलाल, श्रीमती टंकराथी, आई.ए. थास के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 671, 34 भ.द. वि. के अपराध में विचारण न्यायालय श्रीमान पंकज शर्मा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी दुर्ग में विचाराधीन है। साथ ही मेरे पक्षकार के द्वारा क्रेतागण यादविन्दर सिंह दुलाल श्रीमती पुजा दुलाल, श्रीमती टंकराथी, आई.ए. थास के विक्रय पत्रों व नामान्तरण को शुन्य कराने हेतु दिवानी वाद क्र. 34अ/09 न्यायालय श्रीमति अंजली सिंह पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किया है इस प्रकार माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा यह आदेश पारित किया है कि दिवानी न्यायालय का निर्णय ही सर्वमान्य होगी, वैसी स्थिति में विवादित भूमियों के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय करने का संव्यवहार उक्त क्रेतागणों क्रमशः यादविन्दर सिंह दुलाल, श्रीमती पुजा दुलाल, श्रीमती टंकराथी, आई.ए.थास से न करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि के संबंध में किये गये संव्यवहार के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु अग्रसर हो जावेगा।

''तदनुसार सूचना जाने।''

स्थान:-दुर्ग
दिनांक:02/06/2026

भवदीय
आशीष कुमार तिवारी
अधिवक्ता

## उतई में आयोजित सुशासन तिहार में शामिल हुए विधायक ललित

# अधिकारी-कर्मचारी आम नागरिकों से करें अच्छा व्यवहार, प्राप्त आवेदनों का तत्काल हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई/दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सुशासन तिहार-2026' के अंतर्गत उतई नगर पंचायत परिसर में आयोजित समाधान शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक चन्द्राकर ने शिविर में लगाए गए सभी विभागों के स्टॉलों का सघन निरीक्षण किया और हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरित किया।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 15 किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। साथ ही गोद भराई रस्म के तहत गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिवत संपन्न कराया गया। विधायक चन्द्राकर ने स्वयं माताओं को सुपोषण टोकरी भेंट कर उनके स्वस्थ मातृत्व की कामना की तथा शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन की रस्म पूरी की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक चन्द्राकर ने कहा, 'सुशासन तिहार के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार आपके द्वार आई है। हमारी सरकार का मूल मंत्र है – शासन अब दफ्तरों में नहीं, बल्कि आपके दरवाजे पर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए हमने चुनाव से पहले जो वादे किए थे, उन्हें एक-एक कर धरातल पर उतार रहे हैं। आज यहां किशोरी बेटियों को सेनेटरी नैपकिन देना, गर्भवती माताओं को सुपोषण टोकरी देना और बच्चों का अन्नप्राशन कराना, यह बताता है कि हमारी सरकार जन्म से लेकर जीवन के हर पड़ाव पर आपके साथ खड़ी है। महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खाते में मिल रही है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का दाम, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा, प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 लाख पक्के मकान, रामलला दर्शन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ योजना यह सभी मोदी की गारंटी हैं जिन्हें विष्णुदेव साय सरकार पूरा कर रही है। सुशासन तिहार इसी गारंटी को आपके घर तक पहुंचाने का महाअभियान है।

**विभागीय स्टॉलों का किया निरीक्षण, किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन**





### अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, जनता ही मालिक है

चन्द्राकर ने मंच से सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा, शासन की योजनाएं आम जनता के लिए हैं और जनता ही इस लोकतंत्र की असली मालिक है। इसलिए हर अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह आम नागरिकों से अच्छा व्यवहार करे, उनकी समस्याओं को सम्मानपूर्वक सुने और प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करे।सुशासन तिहार में प्राप्त हर आवेदन का अधिकतम एक माह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। यदि किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा कार्य में कोताही, लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली, तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही की जाएगी। जवाबदेही तय होगी। कोई भी हितग्राही दफ्तरों के चक्कर न काटे, यह सुनिश्चित करना आपका दायित्व है। सुशासन त्यौहार को सरलता से बताते हुए कहा अलग अलग विभाग मे जाना ना पड़े और एक साथ एक जगह सभी विभाग इकट्ठा होके व्यवस्थित ढंग से सही ढंग से काम हो सके इसलिए सुशासन तिहार लगाया गया और इनका मकसद यही है कि आम लोगो को एक साथ एक जगह सभी विभाग मिल जाये।

### विभागीय स्टॉलों का किया निरीक्षण

विधायक चन्द्राकर ने राजस्व, खाद्य, पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, कृषि, समाज कल्याण सहित सभी विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही दर्जनों हितग्राहियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जाति-निवास प्रमाण पत्र के कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, प्रभारी सीएमओ मनोज वर्मा, सभापति सोनू राजपूत, मंडल महामंत्री चंदू देवांगन तथा पार्षदगण सतीश चंद्राकर, विजय लक्ष्मी साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, खुबिराम साहू आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### युवा संगठन की रीढ़ : बघेल



**पाटन।** नवनिर्वाचित जनपद सदस्य उर्वशी शैलेश साहू का भव्य स्वागत एवं सम्मान एक समारोह में किया गया। प्रदेश,जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में युवा कांग्रेस नव सृजन के संदर्भ में महत्वपूर्ण बैठक पाटन आडिटोरियम में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आईसीसी महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल ने कहा कि युवा कांग्रेस अदम्य साहस और वीरता की परिचायक और संगठन की रीढ़ है। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि आने वाले चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुटता का परिचय देवे। पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा ने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य उर्वशी शैलेश साहू को बधाई प्रेषित करते हुए समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किए। अनूप वर्मा ने युवा कांग्रेस चुनाव एवं सदस्यता अभियान के बारे विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन मनीष पटेल एवं आभार पूर्व जिप सभापति एवं चुनाव प्रभारी मोनू साहू ने किया। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य उर्वशी शैलेश साहू,पंच बिट्टू निर्मल एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि,मोहन साहू ब्लॉक अध्यक्ष,राजेश ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष,महेंद्र वर्मा,जनपद सदस्य दिनेश साहू,रश्मि भेदप्रकाश वर्मा,अजय साहू,उर्वशी साहू,देवकुमार निषाद,जवाहर वर्मा,उमेश साहू,विपिन चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष गोपाल देवांगन, पार्षद मनोज कुर्रे कपूर साहू,खिलेश मार्कण्डेय,आभाष दुबे,जयश्री वर्मा,जागैत्री साहू,संतोषी तिवारी,कामिनी धुरंधर,भविष्य जैन, सत्यनारायण टिकरिहा,ढालसिंह धनकर,प्रेमप्रकाश पांडे,पोषण साहू,सुमित चंद्राकर,अंशु रजक,भरत वर्मा,अशोक सिंगोर,अनिल सरसिहा,गोरेलाल सहित वरिष्ठ,महिला एवं युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

### तीजन बाई से साहित्यकारों ने की मुलाक़ात



**कुम्हारी।** अस्वस्थता की स्थिति में अपने गृह ग्राम गनियारी में पारिवारिक देखरेख में स्वास्थ्य लाभ ले रहीं अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई से मुलाक़ात करने छत्तीसगढ़ी लेखक बसंत कश्यप एवं जनकवि हेमलाल साहू ₹निर्मोही₹ पहुंचे, साथ ही बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं भी पहुंची थी। लोगों से मुलाक़ात के दौरान वे भावुक हो गई थी। सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और प्रतिष्ठा दिलाई है वह अविष्मरणीय है।

### पंचायत चुनाव में कांग्रेस की जीत पर मनाई खुशियां



**उतई ।** त्रिस्तरीय पंचायतीराज चुनाव में कांग्रेस पार्टी के समर्पित प्रत्याशी की जीत पर पटाखा फोड़ एवं मिठाई बाटकर खुशिया मनाई गई। नगर कांग्रेस कमेटी उतई के कार्यकर्ताओं के द्वारा दुर्ग जिले में हुए जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4एवं पंच के चुनाव में ग्राम भोथली से पंच कृतिकात साहू उमरपोटी से पंच परमेश्वर कोठारी एवं जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र से जनपद सदस्य उर्वशी शैलेश साहू के निर्वाचित होने पर नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाई।

# सहकारी समितियों का दौरा करेंगे ताम्रध्वज, करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई/अंडा



■ दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के खाद वितरण केंद्रों में किसानों से करेंगे सीधा संवाद

प्रदेश में खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले किसानों को हो रही खाद की किल्लत (यूरिया, डीएपी) और टोकन व्यवस्था में आ रही समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी आक्रमक हो गई है। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का 4 जून को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा सुबह 11 बजे, ग्राम थनौद 12 बजे, ग्राम निकुम 12.30 बजे ग्राम अंडा दोपहर 1 बजे, ग्राम कुथरेल 2.30 बजे, बोरीगारका 3 बजे, ग्राम मंचादुर शाम 4 बजे एवं नगर पंचायत उतई शाम 4.30 बजे सेवा सहकारी समितियों का दौरा करेंगे। श्री साहू सहकारी समितिओं और खाद वितरण केंद्रों पर पहुंचकर किसानों से सीधा चर्चा करेंगे। इस दौरा कार्यक्रम में जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के साथ-साथ मंडल, सेक्टर, पंचायत वार्ड तथा बूथ कार्यकर्त्ताओं सहित एवं क्षेत्र के किसान भाइयों से अपील किया है की वें अपनी समस्याओं को लेकर डरे नहीं बल्कि सभी एकजुट होकर अधिक से अधिक संख्या में सामने आये ताकि अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जा सकेगा।

### स्वच्छ नगर को साफ सुथरा बनाने ठोस कचरे के निपटारे पर दिया जोर

**पाटन।** नगर पंचायत कार्यालय में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, समस्त वार्ड पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा,इंजिनियर प्रवीण कुमार साहू तथा स्वच्छता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश क्रमांक 6147/2023 के तहत वार्ड पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के प्रति जनजागरूकता एवं निगरानी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ नगर के निर्माण के लिए नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

# विकास की बाट जोह रहे जामगांव आर के रहवासी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ मांग पूरी हो तो जनता सही मायने में मनाएगी सुशासन तिहार

स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी जामगांव आर को प्राथमिक सुविधाएं नहीं मिली है। नवीन राज्य छत्तीसगढ़ में सरकार बने 25 वर्ष पूर्ण हो गए लेकिन जामगांव आर मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा है। इस बीच बुधवार 3 जून को यहां सुशासन तिहार है। सभी को इंतजार है मांगें पूरी होने का। इसी कड़ी में भाजपा के जन्म काल के नेता 70 वर्ष पार कामता प्रसाद साहू भरी दोपहरी में डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामपंचायतों में जाकर जामगांव आर में शासकीय हॉस्पिटल खोलने ने की मांग का संयुक्त आवेदन सुशासन तिहार में देकर अपना कर्तव्य निभाने में तत्पर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश दुर्ग जिला मुख्यालय से मात्र 35 किलोमीटर दूर 50 ग्रामों के 85000 आम जनता का जीवंत केंद्र स्थल जामगांव आर का स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी मूलभूत विकास की स्वास्थ्य सेवा की अबूझमाड़ जैसी हालत बनी हुई है। राष्ट्रपति की मुहर लगने के 9 साल बाद भी जामगांव आर को ब्लॉक की घोषणा नहीं की गई है। स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी जामगांव आर में शासकीय स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ नहीं किया गया और अंग्रेजों के समय से सायकल माध्यम से डाक सेवा आज भी जारी है। यहां उपडाकघर नहीं खोला गया है। जामगांव आर में 50 बिस्तर हॉस्पिटल की दरकार है। सुशासन तिहार जामगांव आर में मुख्य मांगो के लिए जनता लामबंद हो चुकी है।

### प्रारुप एक
### समाचार पत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं संजय सिंह, SANJAY SINGH (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/ पत्नी श्री रामाश्रय सिंह पता प्लॉट नंबर-5 कैलाश नगर चर्च रोड़, हाउसिंगबोर्ड भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम संजय सिंह SANJAY SINGH (पुराना नाम) से बदलकर संजय कुमार सिंह SANJAY KUMAR SINGH (नया नाम) रख लिया है।

संजय सिंह
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)
### सूचना पत्र

क्रमांक रा.नि. 2026, कोहका, दिनांक-02/06/2026

प्रति,
1. आवेदक- आशा वैष्णव निवासी रावण भाठा सुपेला, भिलाई, 2. नेहा साहू, 3. विजय सिंह, 4. विश्वकर्मा सिंह, 5. रामलाल 6. चंदन शर्मा, 7. जगमोहन प्रसाद चौबे, 8. ए. के. वर्मा, 9. रविन्द्र प्रसाद, 10. सलीम साबरी, 11. वसीम साबरी, 12. प्रसिद्ध नारायण सिंग, 13. सन मेरिज व संबंधित अन्य लोग।

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच के संबंध में सुचना बाबत।

ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1588, 1590/1 रकबा 0.10, 0.12 हे. का सीमांकन / स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 39 दिनांक- 22.04.2026 के परिपालन में दिनांक 08/06/2026 को समय 12:00 PM से ......... बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद आपति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

## बिजनेस साइट

### गुरुदेव इंटरप्राइजेज का इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर पर आकर्षक ऑफर



**उतई।** पाटन रोड डुमरडीह स्थित गुरुदेव इंटरप्राइजेज फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने शादी सीजन के लिए विशेष ऑफर लॉन्च किया है। यहां ग्राहकों को एक ही छत के नीचे बेड, सोफा, अलमारी, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन, एयर कूलर और एयर कंडीशनर सहित कई उत्पादों की खरीदारी की सुविधा मिल रही है। प्रतिष्ठान में ब्रांडेड फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स की विशाल रेंज उपलब्ध है। शादी के अवसर पर ग्राहकों को विशेष छूट के साथ आधार कार्ड और पैन कार्ड के जरिए तुरंत कम डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस की सुविधा भी दी जा रही है। इसके अलावा बजाज फिनसर्व और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के माध्यम से आसान EMI विकल्प भी प्रदान किए जा रहे हैं। प्रतिष्ठान द्वारा सीमित अवधि के लिए शुरू किए गए इस ऑफर का उद्देश्य ग्राहकों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद उपलब्ध कराना है।

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा में श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 की उपलब्धि



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के विद्यार्थी ईशान धीमान (रैंक-3334) ने 2025-26 में आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा JEE ADVANCED) में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्राचार्य बिपिन देशमुख, सचिव एस. स्वामीनाथन, प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों, प्रधान पाठिका व सभी शिक्षकों ने इस सफलता पर बच्चे को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कूलर में पानी भरते समय लगा करंट, मौत

**भिलाई।** कूलर चालू कर उसमें पानी डालने के दौरान करंट प्रवाह होने पर अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप-1 स्थित त्रिदशेश्वर मंदिर के पास रहने वाला संतोष कुमार यादव 49 वर्ष अपने घर का कूलर चालू कर उसमें पानी भर रहे था। अचानक करंट प्रवाह होने पर संतोष चपेट में आ गया। परिजनों ने तुरंत स्वीच ऑफ करने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूरी का काम करता था। परिजनों के मुताबिक संतोष अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। परिवार में उनकी पत्नी, तीन बेटे हैं। शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस ने बताया कि हादसों में किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम के बाद जांच आगे बढ़ेगी। पंचनामा कर प्रारंभिक जानकारी ली गई है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### 41 लाख के मोबाइल को पुलिस ने खोज निकाला



**भिलाई।** जिले में गुम मोबाईल को लेकर शिकायतों के बाद पुलिस ने खोजबीन कर 41 लाख रुपए के मोबाइल को बरामद कर मालिकों को सौंपा गया। वर्ष 2024-2025, 2026 के गुमे मोबाइलों सीईआईआर पोर्टल से ट्रेस कर मोबाइल खोज निकाला है। एसीसीयू की टीम ने दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा,रायपुर और दिगर राज्यों से 201 विभिन्न कंपनियों के मोबाईलों बरामद किया। पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में एसएसपी विजय अग्रवाल ने मोबाइल के असली मालिको को सौंपा गया। वर्ष 2026 में यह चौथा मोबाईल वितरण कार्यक्रम है। सोशल मीडिया एकाउन्ट पर बरामद मोबाईल के नंबरों की लिस्ट अपलोड की जाएगी। मोबाईल स्वामी एसीसीयू कार्यालय सेक्टर 03 से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते है।

# चौहान टाउन से जुनवानी चौक तक कब्जों पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई निगम ने मंगलवार को चौहान टाउन से शासकीय शाला जुनवानी चौक तक बेजा कब्जों को हटाया। एक लंबे अरसे से इस चौक को व्यवस्थित, सुगम एवं यातायात बाधा मुक्त बनाने की मांग सामान्य सभा के दौरान पार्षदों द्वारा की जा रही थी। इसलिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत चौहान टाउन से शासकीय शाला जुनवानी चौक तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित दुकानों, सड़क किनारे किए गए अस्थायी कब्जों तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले खड़े वाहनों को हटाया गया।

## निगम की सामान्य सभा में लिया गया था अतिक्रमण हटाने का निर्णय

### सड़क दिखाई देने लगी चौड़ी

सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए टीन-शेड, गुमटी, दुकान विस्तार एवं अन्य अस्थायी संरचनाओं को हटाते हुए कब्जे हटाने की कार्रवाई से क्षेत्र में सड़क चौड़ी एवं व्यवस्थित दिखाई देने लगी है। लोगों को आवागमन में काफी सहूलियतें आने लगी है। वहीं आम नागरिकों ने भी निगम की इस पहल का स्वागत करते हुए नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाने की मांग की है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान जोन राजस्व विभाग, बेदखली दस्ता एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने पूरे मार्ग का निरीक्षण कर सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैलाकर रखा गया था, जिससे आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। वहीं सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों के कारण भी यातायात प्रभावित हो रहा था। अभियान के दौरान ऐसे वाहनों को हटवाकर मार्ग को सुचारू बनाया गया।

### सड़कों, नालियों व फुटपाथों पर कब्जा

निगम आयुक्त पांडेय ने कहा है कि सार्वजनिक सड़कों, नालियों, फुटपाथों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर की यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाएं तथा सार्वजनिक स्थलों को अवैध कब्जे से मुक्त रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी।

### 12 हजार में मात्र 5 हजार कार्मिक व 25 हजार में से 10 हजार ठेका मजदूरों की कटौती


# भिलाई इस्पात संयंत्र के निजीकरण के लिए मेन पावर पर प्रबंधन कस रहा है शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## स्वैच्छिक व अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना की प्रक्रिया के साथ सुविधाएं हो रही बंद

सेल के सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर कम करने के लिए कर्मियों पर चौतरफा शिंकजा कस रहा है। इसके तहत आने वाले समय में मात्र 50 फीसदी कर्मचारी और श्रमिक रखे जाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रबंधन ने कवायद तेज कर दी है। इससे निजीकरण की ओर बढ़ रहे संयंत्र के कर्मियों में चिंता और असंतोष बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में तेजी से बदलाव हो रहा है। यूनियनों के मुताबिक सरकार की विनिवेशीकरण की नीति के तहत सार्वजनिक उपक्रमों और केंद्रीय उपक्रमों के निजीकरण का असर बीएसपी पर भी पड़ रहा है। सेल व स्थानीय प्रबंधन ने संयंत्र के निजीकरण के लिए रणनीतिक तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए कर्मियों की सुविधाओं और मेन पावर को कम किया जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक निजीकरण के लिए कई मोर्चों पर चल रहा है। बीएसपी में आने वाले समय में मात्र पचास प्रतिशत मेन पावर कटौती किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। आटोमेशन,आधुनिकीकरण और आर्थिक भार को आधार बनाकर संयंत्र में मात्र 5 हजार नियमित कर्मचारी अधिकारी व सिर्फ दस हजार ठेका मजदूर ही रहेंगे। सरकार के फरमान पर 40 प्रतिशत मजदूरों कटौती की कवायद शुरु हो गई वहीं नियमित कर्मियों को कम करने के लिए विभिन्न स्कीमों, सुविधाओं में कटौती और रणनीतिक तरकीबों पर काम चल रहा है। वर्तमान में यहां 9 हजार कर्मचारी और 2 हजार अधिकारी काम कर रहे हैं। मेन मेन पावर कम करने के लिए वर्ष 2000 की आर्थिक मंदी में बंद सुविधाओं की तरह एक एक कर सुविधाओं में कटौती के साथ प्रतिकूल या अनुकूल परिस्थितियों को निर्मित कर दिए जाने से मजबूर होकर कर्मचारी खुद स्वैच्छिक या मजबूर होकर घर बैठ जाएंगे। और 30 फीसदी आउटसोर्सिंग हो चुके बीएसपी का निजीकरण आसान हो जाएगा। इसके खिलाफ यूनियनों ने एकजुटता से विरोध तेज किए जाने की चेतावनी दी है। संयुक्त यूनियन के मुतताबिक 7 साल बाद भी वेतन समझौता को पूर्ण नहीं किया गया है्ौर 39 महीने का एरियर्स भी नहीं दिया गया है। लेबर कोड में संशोदन कर यूनियनों के अधिकार व हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है।



### वर्कर्स की मेडिकल व आवासीय सुविधाओं में कमी

बीएसपी में वर्कर्स व मजदूरों की तादाद कम करने के लिए उनकी एक एक सुविधाओं में कटौती व बंद किया जा रहा है। सेल ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजाना (वीआर) को हरी झंडी दे दी है जबकि अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना (सीआर) की तैयारी चल रही है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक दोनों स्कीमों के माध्यम से प्रबंधन को उम्मीद है कि हर माह करीबन डेढ़ सौ कार्मियों के रिटायरमेंट मिलाकर मात्र 4 से 5 हजार मेन पावर का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। ठेका श्रमिकों की भी 40 प्रतिशत कटौती की कवायद जारी है। प्रबंधन ने सेक्टर नौ हास्पिटल का निजीकरण की प्रक्रिया शुरु कर मेडिकल सुविधाओं व 60 साल पुराने आवासों का मेंटेनेंस न कर व नए आवास निर्माण न कर, सब्जेक्ट टू वेकेशन बंद कर आवासीय सुविधाओं आदि में कटौती कर दी है। वहीं सेवानिवृतों की रिटेंशन स्कीम का किराया वृद्धि व इस स्कीम के साथ थर्ड पार्टी तथा लायसेंसी आवासीय योजनाओं को भी बंद कर दिया है।

### मान्यता चुनाव ब्रेक व तबादले

यूनियनों के मुताबिक बीएसपी में बीएसपी में यूनियनों के मांगों के लिए बार्गेनिंग व प्रतिरोध की ताकत को कम करने के लिए मान्यता यूनियन के चुनाव पर अघोषित रुप से ब्रेक लगा दी गई है। चुनाव केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त द्वारा किया जाना है लेकिन चुनाव प्रबंधन व संसाधन उपलब्ध कराना बीएसपी की जिम्मेदारी है। मान्यता यूनियन का कार्यकाल खत्म हुए 2 साल बीतने को है पर अब तक चुनाव डिक्लेयर नहीं किया गया है। इस दौरान बीएसपी में ताबड़तोड़ तदादलों के सिलसिला शुर हो गया है। मलाईदार विभागों में सालों से जमे कर्मियों के तबादलों की वजह प्रबंधन में कसावट बताया जा रहा लेकिन एक वजह निजीकरण के लिए वीआर ,सीआर की रणनीति भी बताया जा रहा है। सीटू, इंटक बीएमएस सहित संयुक्त यूनियन ने लेबर कोड, श्रमिकी की कटौती व लंबित वेतन समझौता आदि को लेकर विरोध तेज किए जाने की चेतावनी दी है।

# खुर्सीपार, बापू नगर में स्ट्रीट लाइटें बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत खुर्सीपार, बापू नगर वार्ड-43 अंबेडकर उद्यान में शाम के वक्त बुजुर्ग मरीजों को अंधेरा होने के कारण टहलने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के झूला, योगा करने जीम के सामान बैठने के लिए स्टील के टेबल उपलब्ध कराये हैं, लेकिन रोशनी की व्यवस्था नहीं कराई भिलाई क्षेत्र की बहुत सारी लाइटें खराब एवं बंद पड़ी है।

▪ निगम की उदासीनता से वार्डवासियों को हो रही परेशानी

शाम होते ही सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। जिससे आए दिन एक्सीडेंट भी हो रहा है। विगत दिनों 16 मई को गौरव पथ रोड पर रात को दुर्घटना भी हुई है। जवाहर नगर, ओम शांति चौंक, अडानी एसीसी चौंक, राजीव नगर, छावनी चौंक से तिरंगा चौक, शहीद चुम्मन यादव, स्मारक स्थल ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाली सड़क नंदनी रोड़, एसएस हास्पिटल के बाजू वाले इंडस्ट्रियल एरिया जाने वाली सड़क में कई बार राहगीरों से लूटपाट, छिनताई, चोरी की घटनाएँ भी हुई है। इस क्षेत्र की सभी डिवाइडर पोल की स्ट्रीट लाइटें काफी समय से बंद पड़ी है। नंदनी रोड की लाईट कई जगहों में जलती है। कई लाइटें खराब है। कई पोल में लगे लाईटें लटक कर झूल रही है। पर्याप्त रोशनी न होने के कारण पैदल चलने वालों के लिए यह असुरक्षित हो गया। जनहित में शिव सेना मांग करती है कि हर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खराब स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत या उन्हें बदलने तत्काल कार्रवाई करें। निगम का आयुक्त को ज्ञापन सौंपने वालों में शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता, भिलाई सचिव संतोष यादव, राजू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# चार की अर्थियां एक साथ उठीं, माहौल गमगीन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के बैरागढ़-साच पास-किलाड़ मार्ग पर में 29 मई को हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी। जिसका शव भिलाई पहुंचने पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पति बेंगलुरु के आईटी इंजीनियर अरविंद चंद्राकर, उनकी पत्नी प्राची, दो बेटों दर्श, अक्षद हैं। अरविंद अपनी पत्नी अपने बच्चों के साथ बेंगलुरु में रहते थे, वहीं जॉब कर रहे थे। परिवार अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद घूमने निकला था। मृतकों के शव पांच दिन बाद मंगलवार को चार एम्बुलेंस में रायपुर से ग्राम कुथरेल पहुंचा। शवों के गांव पहुंचते ही मातम पसर गया। भारी संख्या में ग्रामीणों ने अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ा। दुर्ग राज चंद्राकर समाज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर के मुताबिक 2 जून की दोपहर चारों शव रायपुर एयरपोर्ट से एंबुलेंस के जरिए गांव पहुंचा। गांव के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब एक ही परिवार के चार लोगों की अंतिम यात्रा एक साथ निकली। जिसे देख गांव के लोग भावुक हो गए और पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया। अरविंद चंद्राकर के पिता श्यामलाल चंद्राकर बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी है। अरविंद ने अपनी पढ़ाई भिलाई में पूरी की थी। 20 साल पहले आईटी क्षेत्र में नौकरी मिलने के बाद वे बेंगलुरु में शिफ्ट हो गया था। अरविंद पिछले करीब 20 वर्षों से सिस्को आईटी कंपनी में काम कर रहा था। उनकी शादी को करीब 15 साल हो चुके थे। उनके दो बच्चे थे। अरविंद दो भाइयों में बड़े थे। उनका छोटा भाई रविन्द्र चंद्राकर दल्ली राजहरा में एक नर्सिंग कॉलेज का संचालन करता है।

# बीएसपी के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित 19 दिवीसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर- संपन्न हो गया। 11 मई से 30 तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी गण एबी श्रीनिवास, महाप्रबंधक मनोज कुमार दुबे, शाहिद अहमद, राजेन्द्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक आदि उपस्थित थे । शिविर में 1822 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्य में कुल 88 प्रशिक्षकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को कोचों ने प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल बच्चों एवं युवाओं के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# सुशासन तिहार में आप का अनोखा प्रदर्शन, बांटी 'मेलोडी' चॉकलेट, ज्ञापन सौंप बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे 'सुशासन तिहार 2026' को लेकर आम आदमी पार्टी ने एक अनोखा प्रदर्शन किया और इसे एक बड़ा ढोंग और कागजी तमाशा करार दिया। आप के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भिलाई नगर निगम के अधिकारियों, नगर निगम के प्रतिपक्ष नेता दया सिंह पार्षद बीजेपी और कांग्रेस के पार्षदों को 'मेलोडी चॉकलेट' भेंट कर तीखा तंज कसा।

जसप्रीत सिंह का कहना है कि जिस प्रकार देश में बड़े-बड़े राजनीतिक दावों के बाद भी तरक्की के नाम पर जमीन पर कुछ नजर नहीं आता, ठीक उसी प्रकार भिलाई में भी 'सुशासन तिहार' के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को करोड़ों रुपए विज्ञापनों पर फूंका जा रहा है। इस दौरान जसप्रीत ने नगर निगम जोन 4 आयुक्त को ज्ञापन सौंपा और याद दिलाया कि पिछले साल के सुशासन तिहार में भी जनहित से जुड़ी गंभीर शिकायतें सौंपी गई थीं, लेकिन आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों को मेलोडी चॉकलेट इसीलिए भेंट की गई ताकि उन्हें जनता को दिए जा रहे मीठे छलावे और खोखले आश्वासन का अहसास हो सके।

आम आदमी पार्टी ने बताया कि खुर्सीपार क्षेत्र में जनता की सुरक्षा के नाम पर लगाए गए कैमरों में भारी वित्तीय अनियमितता हुई है। कैनाल रोड के निर्माण, चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के नाम पर सरकारी खजाने की खुली लूट मची है, जिसकी फाइलों को दबाया जा रहा है। इसकी भी उच्च स्तरीय जांच हो। पिछले सुशासन तिहार के दौरान खुर्सीपार के बाल मंदिर में कबड्डी खेलने वाले स्थानीय प्रतिभावान बच्चों के लिए सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान बनाने की मांग की गई थी, जो आज तक अधूरी है। इसे अविलंब शुरू किया जाए। पूर्व के जनदर्शन और शिविरों में लंबित भिलाई नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया जाए। जसप्रीत ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी इन घोटालों को ठंडे बस्ते में डालने और भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने का कुत्सित प्रयास किया गया, तो आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। जनता के हक के लिए कलेक्ट्रेट घेराव सहित एक उग्र और निर्णायक आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान आम आदमी पार्टी के धर्मेंद्र कुमार चौधरी, रामपाल, अमजद अली, विजय अग्रवाल सूरज, बलविंदर सिंह , चंदन अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।



## 266 मांगों और 150 शिकायतों को समापन शिविर में लोगों ने रखा

# सुशासन शिविर में 416 समस्याओं को लेकर लोगों ने किए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सुशासन तिहार 2026 के समापन अवसर पर खुर्सीपार स्थित श्रीराम चौक में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 416 आवेदन आए। जिसमें 266 मांग से संबधित और 150 शिकायत संबंधी थे।

क्षेत्रीय नागरिकों ने पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नागरिक सुविधाओं एवं विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। पूरे दिन चले इस शिविर में लोगों ने अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए तथा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

### शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में नगर निगम, राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर के माध्यम से आमजन को शासकीय सेवाएं उनके घर के समीप उपलब्ध कराई गईं, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। इस अवसर पर निगम अधिकारियों ने बताया कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है और समाधान की प्रक्रिया अधिक सरल एवं प्रभावी बनती है।



### स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

शिविर में स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, स्वच्छता जागरूकता, कर संबंधी जानकारी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रमाण.पत्रों की जानकारी तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। बड़ी संख्या में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने शिविर में भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक आवेदन प्रस्तुत किए। समापन शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह देखा गया।

# 12 साल बेमिसाल, होंगे 12 कार्यक्रम, कार्यशाला आज



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा 5 से 23 जून तक जिला एवं मंडल स्तर पर विभिन्न संगठनात्मक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में पार्टी द्वारा 12 प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी की गई है, जिनके सफल संचालन हेतु कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने उपरोक्त कार्यक्रम हेतु चन्ना केश्वालू को कार्यक्रम का जिला संयोजक, त्रिलोचन सिंह जिला सह संयोजक , जिला सदस्य विनोद सिंह एवं पारस जंघेल को नियुक्त किया है। निर्धारित कार्यक्रमों में विश्व पर्यावरण दिवस एवं वृक्षारोपण, मीडिया संवाद, विशेष जनसंपर्क अभियान, जन कल्याण शिविर, सभागार बैठकें, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्वच्छता अभियान, प्रगति पदयात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तथा बलिदान दिवस (स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी) सहित विभिन्न गतिविधियां प्रमुख रूप से आयोजित की जाएंगी। 3 जून को जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में जिला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में सांसद, विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदास्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारियों/ कार्यसमिति, जिला मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रकोष्ठ के संयोजक, सह संयोजक सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 3 जून 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## बड़े-बुजुर्ग व्यायाम, वॉकिंग और स्पोर्ट्स से बना रहे फिटनेस

बच्चों के साथ-साथ पैरेंट्स भी वॉक और ओपन जिम में हल्का-फुल्का फिजिकल एक्सरसाइज कर खुद को फिट बना रहे है। वहीं, युवा व बुजुर्ग गार्डन के वॉकिंग ट्रैक पर चहलकदमी कर चुस्त-दुरुस्त बन रहे। साथ ही योगासन और ओपन जिम के माध्यम से वार्मअप कर रहे हैं। इसके अलावा युवा वर्ग रैकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल जैसे खेल का भी मजा लेते हुए खेल-कूद से खुद को मस्त रख रहे हैं।



**लाइव इवेंट**

## दलदल में उतरे स्वच्छता प्रहरी, कीचड़ निकालकर तालाब को दिया नया जीवन



**भिलाई।** रिसाली क्षेत्र के रूआबांधा शीतला तालाब को जनसहयोग से 426वें सप्ताह अमृतम जलम अभियान के तहत टीम द्वारा दलदल में उतर कर सफाई की गई। कई बार सफाई के बाद भी इस बार घाट के पास कीचड़, कपड़ों, पन्नी और कचरे ने दलदल का रूप ले लिया था। लेकिन स्वच्छता प्रहरी न हिचके, न डरे। धमेला रापा लेकर खुद दलदल में घुसे और चैनल सिस्टम बनाकर कीचड़ बाहर निकालना शुरू किया। यह अभियान के द्वारा तालाब का पानी शुद्ध कर श्रमिक बस्ती के लोग नहाने, पानी भरने और मवेशियों को पिलाने में इस्तेमाल करने के लिए किया गया। टीम ने निगम प्रशासन और स्थानीय लोगों को भी इस मुहिम से जोड़ा। दलदल ज्यादा होने के कारण जेसीबी बुलाने की अपील की गई, ताकि पूरा कीचड़ बाहर निकाला जा सके। स्वच्छता प्रहरियों का कहना है कि जब तक घाट पूरी तरह साफ नहीं होगा, अभियान जारी रहेगा।

- जनसहयोग से चला 426वें सप्ताह अमृतम जलम अभियान

### बच्चों से बुजुर्गों तक सभी ने दिया श्रमदान

अभियान में अध्यक्ष प्रेमचंद साहू, संयोजक हर्ष देव साहू, कोषाध्यक्ष राजू ऊके, शैलेन्द्र साहू, गुलाब साहू, दिनेश हिरवानी सहित नन्हें सिपाही अस्वर्या साहू, जानवी देशमुख, मुस्कान साहू भी डटे रहे। वार्डवासी राजेंद्र रजक, दसरथ साहू, पुन्नी गुप्ता, जग्गू यादव ने भी हाथ बंटाया। तालाब की सफाई देख आसपास के लोगों ने टीम का हौसला बढ़ाया।



**● गर्मी के मौसम में शहर के गार्डनों में शाम के समय बच्चों-बड़ों की चहल-पहल से दिखाई देती है रौनक**

# गार्डनों में फिजिकल एक्टिविटी का बदला ट्रेंड, शाम को खेल-कूद, योग-व्यायाम करने उमड़ रही लोगों की भीड़

**इस बार पड़ रही भीषण गर्मी से लोगो को शाम को भी राहत नही मिल पा रही है, लेकिन दिन भर गर्मी से बचने घर पर दुबके रहने के बाद लोग शाम को घर से बाहर निकलकर पार्क में बच्चों के साथ चहलकदमी करते नजर आ रहे है। गर्मी के मौसम में शहर के गार्डनों में शाम के समय बच्चों-बड़ों की चहल-पहल बढ़ गई है। सुबह के समय बड़े व बच्चे ऑफिस, स्कूल, कोचिंग क्लासेस, घर के कामकाज में व्यस्तता के चलते शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने से चुक जाते हैं। वहीं, गर्मी में सुबह जल्दी से तापमान भी चढ़ जाता है। ऐसे में शाम के समय बच्चे और बड़े शाम 6 से रात 8 बजे तक लगभग फ्री टाइम का गार्डन में खेल-कूद, वॉक, वार्मअप में बिताना पसंद कर रहे हैं।**

**भिलाई।** ट्विनसिटी के गार्डनों में सेक्टर 6 जुबली पार्क, सेक्टर 5 शहीद पार्क, सेक्टर 1 विवेकानंद पार्क, अंबेडकर पार्क, सेक्टर 8 सुनिती उद्यान दुर्ग के दादा-दादी,नाना-नानी पार्क सहित सभी छोटे-बड़े पार्को में बड़ी संख्या में शाम होते ही बच्चे व बड़े-बुजुर्गों की भीड़ दिखने को मिल रही है। इन गार्डनों के प्राकृतिक वातावरण में लोग ओपन जिम, एक्सरसाइज, झूले और पेड़-पौधों के बीच दिन भर के थकान और तनाव को दूर भगा रहे हैं। गार्डनों में शाम के समय का यह फिजिकल एक्टिविटी में शामिल होकर वे अगले दिन के लिए खुद को शारीरिक व मानसिक तौर पर तरोताजा और फिट बना रहे हैं।



### दिन भर की थकान को दूर करने की पसंदीदा जगह

योगाचार्य गीता दुबे के कहना है कि शाम का वार्मअप काम के तनाव को कम करने और दिन भर की थकान को दूर करने का एक बेहतरीन तरीका है। शाम को जोड़ों में अकड़न कम होती है, जो स्ट्रेचिंग और वार्मअप को आसान बनाता है। शाम का वर्कआउट और वार्मअप रात में बेहतर रिकवरी में मदद करता है। शाम को वार्मअप और वर्कआउट करना मांसपेशियों के लचीलेपन, जोड़ों की गतिशीलता और शरीर के उच्च तापमान के कारण अधिक फायदेमंद होता है, जिससे चोट का खतरा कम हो जाता है। इस गर्मी के मौसम के लिए भूजंग आसन ताड़ आसन वृक्ष आसन, शीतली व शीतकारी प्राणायाम तन-मन के लिए लाभकारी होता है।



### झूले और फिसलपट्टी के साथ खेल-कूद में मस्त बच्चे



गार्डन में छोटे-बड़े बच्चे झूले, फिसलपट्टी जैसे खेल-कूद के एक्यूपमेंट को एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। शाम को बच्चों को लेकर पैरेंट्स बड़ी संख्या में गार्डन पहुंच रहे हैं। शहर के लगभग सभी गार्डनों में शाम के समय रोजाना खेल-कूद कर बच्चे खूब एंजॉय कर रहे हैं। छोटे बच्चे झूले, फिसलपट्टी का मजा ले रहे हैं। वहीं, बड़े बच्चे वालीबॉल, बैडमिंटन जैसे स्पोर्ट्स खेल कर खुद को सेहतमंद व हुनरमंद बना रहे हैं। इस तरह से गार्डन बच्चों के लिए गर्मियों के दिनों में फिटनेस और इंटरटेनमेंट का केंद्र बना हुआ है।

**सिटी इवेंट**

## ब्राह्मण समाज के योगदान इतिहास और संस्कृति पर हुई चर्चा



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग द्वारा आर्य नगर स्थित राधा वल्लभ मंदिर परिसर में ब्राह्मण गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के योगदान, इतिहास और संस्कृति पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य चाणक्य की नीतियां आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में भजन-पूजन से हुई।

इसके बाद भगवान परशुराम एवं आचार्य चाणक्य की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने कहा कि आज का दिन आचार्य चाणक्य के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने और सलाहकार डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारत सरकार से अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने की मांग की। महिला मंच प्रदेश उपाध्यक्ष नविता शर्मा और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रत्ना नारमदेव ने ब्राह्मण एकता एवं संगठन को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित होकर शिक्षा, संस्कार और सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। शहर अध्यक्ष हेमंत तिवारी, जिला अध्यक्ष महिला मंच प्रीति बेहरा और राकेश दुबे ने भी अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चंदा देवी शर्मा, काजल मिश्रा, किरण शर्मा, कांता जोशी, ज्योति शर्मा, वीना व्यास, पायल शर्मा, मुक्ता शर्मा, निधि व्यास, राधा शर्मा, मंजू शर्मा सहित आर्य नगर की महिलाएं और बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

- ब्राह्मण गौरव दिवस पीएम मोदी से की राष्ट्रीय मान्यता की मांग
- आर्य नगर राधा वल्लभ मंदिर में भगवान परशुराम-आचार्य चाणक्य की पूजा
- समाज को संगठित होकर शिक्षा, संस्कार और सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए

## गूंजी कल्याणी फाइटर्स की आवाज बच्चों ने किया नुक्कड़ नाटक

**भिलाई।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा राजेंद्र प्रसाद चौक, खुर्सीपार भिलाई-दुर्ग में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान आमजनों को जागरूक करने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर कल्याणी संस्था द्वारा संचालित कल्याणी फाइटर्स समूह के बच्चों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया। वहां उपस्थित स्थानीय समुदाय ने नशे के दुष्प्रभावों को स्वीकार करते हुए बच्चों के अभिनय और इस अनूठी पहल की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान संस्था के निदेशक अजय कल्याणी, स्थानीय पार्षद मीरा बंजारे, सुखीराम जांगड़े, अनविका, निमय, टी. सान्हवी, टी. श्रेयाली, महक, आरुषि, आर्यन, युवराज, संघप्रिया, सोनाली, दामिनी, मुस्कान, निशा, गोपाल, यामिनी, अनिल और ओमप्रकाश का योगदान रहा।



## जगद्गुरु नरेंद्राचार्य का कल दुर्ग आगमन, सुबह दीक्षा व प्रवचन

**दुर्ग।** जगद्गुरु श्रीमद रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य पीठाधीश्वर, दक्षिण पीठ, नाणीजधाम, महाराष्ट्र का आगमन 4 जून, गुरुवार को छत्तीसगढ़ में हो रहा है। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से श्री राधा-कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी पुलगांव दुर्ग में एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन, समस्या मार्गदर्शन एवं दीक्षा समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धालुओं को जगद्गुरु के दिव्य प्रवचनों, आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं उपासक दीक्षा का लाभ प्राप्त मिलेगा। आयोजको ने बताया कि आयोजन में अंधश्रद्धा निर्मूलन, आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक समरसता एवं वैदिक संस्कारों का संदेश दिया जाएगा। जगद्गुरु का संदेश है तुम जियो और दूसरों को जीवन दो। जगद्गुरु की प्रेरणा से संस्थान द्वारा निशुल्क अन्नदान, शिक्षा, एम्बुलेंस सेवा, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण तथा विभिन्न सामाजिक सेवा उपक्रम संचालित किए जा रहे हैं। निशुल्क समस्या मार्गदर्शन के लिए पर्चियों का वितरण 4 जून को सुबह 7 बजे से और दीक्षा प्रक्रिया सुबह 8 बजे से कार्यक्रम स्थल पर प्रारंभ होगी। रामानंद संप्रदाय छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से समारोह में उपस्थित होकर आध्यात्मिक मार्गदर्शन, साधक दीक्षा एवं आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



■ जगद्गुरु श्रीमद रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य का शुभागमन

**परीक्षा हॉल में अब नहीं होगी कोई चूक, कलेक्टर ने संभाली कमान**

# 4 जून को 14 केंद्रों में बैठेंगे भावी शिक्षक, अफसरों को मिला जीरो एरर का मंत्र, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग। प्री-डीएड 2026 परीक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए दुर्ग कालेज में अधिकारियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। साइंस कॉलेज के सभागार में आयोजित सेमिनार में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों को 4 जून को 14 केंद्रों में होने वाली प्री-डीएड परीक्षा के लिए जरुरी दिशा निर्देश दिये। इस दौरान साइंस कॉलेज के सभागार का नजारा किसी क्लासरूम से कम नहीं था। सामने कुर्सी पर कलेक्टर और सामने बैठे थे दर्जनों प्राचार्य, केंद्राध्यक्ष और नोडल अधिकारी सब कलम-कागज लेकर सफल परीक्षा का फॉर्मूला नोट कर रहे थे।**





### सभी अधिकारी पूरी गंभीरता एवं सावधानी के साथ अपने दायित्वों का करें निर्वहन

कलेक्टर अभिजीत सिंह कहा कि परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। छोटी-छोटी गलतियां भी कई बार बड़े विवाद और समस्याओं का कारण बन जाती हैं, इसलिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता एवं सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा संबंधी सभी नियमों और निर्धारित एसओपी का कड़ाई से पालन करना होगा। उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य परीक्षा सामग्री के पैकिंग समय, केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर, सील निर्धारित प्रपत्रों में सभी जानकारियां सही और पूर्ण रूप से दर्ज करना अनिवार्य है। कई बार छोटी लापरवाही भी बड़ी गलती का रूप ले लेती है। कलेक्टर ने सभी केन्द्राध्यक्षों, नोडल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षा संबंधी सभी प्रक्रियाओं को दोबारा जांच लें, यह सुनिश्चित कर लें कोई जानकारी छूट न जाए तथा सभी प्रपत्र सावधानीपूर्वक भरे जाएं, ताकि परीक्षा का आयोजन त्रुटिरहित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कालेज के प्राचार्य, पर्यवेक्षक, नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# जिला स्तरीय रोजगार मेला 17 को, युवाओं को मिलेगा रोजगार





■ नियोजकों से 12 जून तक रिक्तियों की जानकारी आमंत्रित

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग और कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज, खम्हरिया, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में 17 जून को एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। खम्हरिया भिलाई स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाले इस मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों में रिक्त पदों को भरा जाएगा।

उपसंचालक रोजगार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ऐसे सभी निजी नियोजक जो इस रोजगार मेले के माध्यम से अपने संस्थान के रिक्त पदों पर भर्ती करना चाहते हैं, वे 12 जून 2026 से पहले अपनी रिक्तियों की जानकारी छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग को अनिवार्य रूप से अधिसूचित कर दें। पोर्टल के जरिए रिक्तियां भेजने के लिए नियोजकों का ई-रोजगार पोर्टल पर रोजगार मेला के लिए नियोक्ता पंजीयन होना आवश्यक है, जिसके लिए उन्हें अपना जीएसटी क्रमांक और संबंधित दस्तावेज अपलोड करना होगा। इस वृहद रोजगार मेले के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत या अतिरिक्त जानकारी के लिए इच्छुक नियोक्ता एवं आवेदक मालवीय नगर चौक स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## सिटी लाइव

# टी-20 चैम्पियंस ट्रॉफी में डी टीम रही उपविजेता, सिद्धार्थ भी रहे शामिल




**भिलाई।** इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन की मेजबानी में नई दिल्ली में आयोजित T-20 चैम्पियनशिप ट्रॉफी में इंडिया डी टीम को उपविजेता का खिताब मिला है। इस टीम में भिलाई के क्रिकेटर सिद्धार्थ श्रीवास्तव शामिल थे। यह इस टूर्नामेंट का उद्घाटन संस्करण था जिसे इंडिया बी टीम ने जीता। बी टीम ने फाइनल में इंडिया डी को 32 रनों से हराया। सिद्धार्थ ने इससे पहले अपनी टीम की कप्तानी भी की है। डोंगरगांव के योगेन्द्र देवांगन सी टीम में खेल रहे थे। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन आईडीसीए टी-20 चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के चार टीमों के बीच मुकाबला हुआ था। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ आईडीसीए द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट अक्टूबर 2026 में यूएई में होने वाले बधिर-आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम चयन का मुख्य मंच था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत भर से श्रवण बाधित प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को एक मंच प्रदान करना और आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप अक्टूबर 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन करना था। आईडीसीए की पहल- भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और बीसीसीआई के सहयोग से लगातार बधिर क्रिकेटरों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है, जिसमें अन्य देशों के साथ त्रिकोणीय सीरीज भी शामिल होती है।

## समाज इवेंट

# भारत सेवा पुरस्कार 2026 से सम्मानित हुए आचार्य डॉ. आर्य



■ सेवा को जीवन का मंत्र बनाने वाले आचार्य को जीव्रान फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**भिलाई।** शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जनसेवा, चरित्र निर्माण तथा वैदिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वैदिक चिंतक और समाजसेवी आचार्य डॉ. अजय आर्य को भारत सेवा पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जीव्रान फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। जीव्रान फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी सामाजिक संस्था है, जो शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और मानवीय सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। सम्मान प्राप्त करने के बाद आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि सेवा की शुरुआत बड़े संसाधनों से नहीं, बल्कि बड़े हृदय से होती है। एक पौधा लगाकर उसकी रक्षा करना, किसी वृद्ध की पीड़ा सुनना, किसी विद्यार्थी का मार्गदर्शन करना, किसी जरूरतमंद की सहायता करना और समाज में सकारात्मक विचारों का प्रसार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कोई बड़ा अभियान। उन्होंने कहा कि सेवा वह है जिसमें प्रतिफल की अपेक्षा नहीं होती। डॉ. आर्य सालों से पर्यावरण और जनसेवा से जुड़े हैं। पौधारोपण, पौधा वितरण, वृक्ष संरक्षण के साथ-साथ रक्तदान, वस्त्रदान और नैतिक शिक्षा के कार्यक्रम चलाते हैं। इस भीषण गर्मी में भी उनके नेतृत्व में आर्य समाज का जलदान अभियान जारी है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि आचार्य डॉ. अजय का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर श्वेता शर्मा, प्रवीण गुप्ता, प्रमिला सरपाल, डॉ. अनुपम मौर्य, कमलेश आर्य, शिपि आर्य सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

● पुलिस जन मित्र के तहत महिला सुरक्षा, यातायात, साइबर क्राइम की दी जानकारी

# टॉर्च, डंडा और सीटी देकर महिला कमांडो का बताया कर्तव्य, इमरजेंसी नंबर 1930-1933 का जाना महत्व

**भिलाई।** महिला कमांडो का एक दिवसीय सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उतई थाना परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब डेढ़ सौ महिला कमांडो ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें साइबर फ्रॉड होने पर 1930, नशे की सूचना के लिए डायल 1933, डूबने और आग लगने पर बचाव के उपाय, फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग, हेलमेट की अनिवार्यता, ड्रंक एंड ड्राइव रोकथाम और महिला सुरक्षा के लिए डायल 112 के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री विजेता शमशाद बेगम, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उतई सरस्वती साहू, जिला सेनानी नगर सेना आपदा मोचन बल नागेंद्र सिंह, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा और एसडीओपी धमधा डॉ. चित्रा वर्मा की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### महिला कमांडो समाज की रीढ़

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कि महिला कमांडो समाज की रीढ़ हैं। वे हर कदम पर पुलिस का साथ दें। नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और अपराध रोकथाम में उनकी भूमिका अहम है। अपने कर्तव्य और दायित्व को समझें। पुलिस जन मित्र अभियान के तहत महिला कमांडो को साइबर जागरूकता, महिला सुरक्षा, यातायात नियम और नशे के विरुद्ध अभियान की जानकारी दी गई।




### ज्वलनशील पदार्थ को बुझाने की दी प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

प्रशिक्षण के दौरान किसी भी अपराध के लिए डायल 112 तथा नशे के खिलाफ कार्रवाई के लिए डायल 1933 का महत्व बताया गया। साइबर फ्रॉड के लिए डायल 1930 पर तुरंत सूचना देने को कहा गया। आपदा मोचन बल नगर सेना ने जीवन रक्षक प्रशिक्षण दिया। इसमें डूबते व्यक्ति की जान बचाना, खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लगने पर बचाव, सूखा व ज्वलनशील पदार्थ को फायर एक्सटिंग्विशर से बुझाने की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी गई।

### ट्रैफिक सिग्नल जंप न करने की समझाइश

यातायात दुर्ग से निरीक्षक युवराज साहू ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने और ट्रैफिक सिग्नल जंप न करने की समझाइश दी। महिला कमांडो ने अपराध रोकथाम, कानून व्यवस्था, नशा मुक्त समाज और महिला सशक्तिकरण में हर संभव पुलिस का साथ देने की बातें कहीं।

### किट देकर किया प्रोत्साहित

थाना उतई में प्रशिक्षण समाप्ति पर सभी महिला कमांडो को फील्ड में तैनाती के लिए टॉर्च, सिटी, टोपी और डंडा देकर सुसज्जित किया गया। टॉर्च रात में गश्त और आपात स्थिति के लिए, सिटी भीड़ नियंत्रण और अलर्ट के लिए, टोपी यूनिफॉर्म के साथ पहचान के लिए और डंडा आत्मरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिया गया।

### प्रशिक्षण में दिया इमरजेंसी नंबर

प्रशिक्षण में साइबर फ्रॉड के लिए डायल 1930, नशे की सूचना के लिए डायल 1933, डूबने और आग लगने पर बचाव के उपाय, फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग, हेलमेट की अनिवार्यता, ड्रंक एंड ड्राइव रोकथाम और महिला सुरक्षा के लिए डायल 112 के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला कमांडो काफी उत्साहित दिखाई दी। उन्होंने पुलिस से अपने प्रश्नो को पूछकर महत्वपूर्ण जानकारियां भी ली।

## 7 जून को होगा समापन

# समर कैंप में क्रिकेट से योगा तक खिलाड़ियों ने दिखाया जोश, नन्हें खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह





**भिलाई।** कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित खुर्सीपार समर कैंप में मंगलवार को एक नया उत्साह देखा गया। इस दौरान क्रिकेट, योगा, कराते, बैडमिंटन, बाक्सिंग और व्हालीबाल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 10 मई से आयोजित समर कैंप का समापन 7 जून को समारोह के रुप में किया जाएगा। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम के एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने बैकुंठ धाम और छावनी के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर नन्हे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके खेल कौशल को देखकर उन्हें आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के साथ पढ़ाई और अनुशासन के महत्व को समझाया। खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमित सिंह ने बताया कि समर कैंप में क्रिकेट, योगा, कराते, बैडमिंटन, बाक्सिंग और व्हालीबाल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षक चंदन शर्मा, जावेद मंसूरी, नुगेश्वर डहरिया, इशाक शाह, जितेन्द्र चौधरी, क्रांति क्षत्रिय और अजहर अली ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। कई पालक भी मौजूद रहे। खुर्सीपार में आयोजित समर कैंप का उद्घाटन 10 मई को श्री राम चौक ग्राउंड खुर्सीपार में हुआ था। इस दौरान सुमित सिंह, गुड्डू खान, डी. कामराजू, अजहर अली, शंकर राव और माधव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर खिलाड़ियों को खेल भावना से खलने शपथ दिलाई और गुब्बारे उड़ा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन श्री नाग ने किया।

## गर्ल्स कालेज में आयोजन

# पोस्टर और स्लोगन लेकर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली




**दुर्ग।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय वी.वाई.टी. पीजी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में एनसीसी कैडेटों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कैडेटों ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों में निकाली गई, जिसमें एनसीसी कैडेटों ने हाथों में पोस्टर एवं स्लोगन लेकर आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। इस दौरान तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशा मुक्त भारत जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को स्वस्थ समाज निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए तथा नशे से दूर रहकर दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कैडेटों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शन एवं जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसे लोगों ने सराहा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज में तंबाकू निषेध के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था।

## पोटियाकला में जागरूकता का महाअभियान

# नशे की अर्थी निकालकर दिया जागरूकता का संदेश दीपों की रोशनी से व्यसन के अंधकार को मिटाया

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** पोटियाकला स्थित गायत्री प्रज्ञा मंदिर द्वारा नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से दिनभर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजनमानस का ध्यान आकर्षित करने नशे की अर्थी निकाली गई। जिसे देख लोग जागरुक हुए और नशा न करने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान साफ-सफाई अभियान, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और दीप महायज्ञ के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशामुक्त जीवन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह तालाब सफाई अभियान से हुई, जिसमें गायत्री परिवार के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। साथ ही योग, प्राणायाम, घरेलू स्वास्थ्य उपायों और तंबाकू एवं अन्य नशों से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी गई।



### नुक्कड़ नाटक में दिखाया दुष्प्रभाव

इस अवसर पर सबसे आकर्षक कार्यक्रम जागरूकता रैली रही। रैली में नशे की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली गई, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। शुरुआत में ग्रामीणों को लगा कि किसी व्यक्ति का निधन हो गया है, लेकिन जैसे-जैसे रैली आगे बढ़ी, लोगों को पता चला कि यह नशे की अर्थी है। इस अनोखे संदेश ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। रैली के दौरान प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक में नशे की लत से बर्बाद होते परिवारों और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।


### नशे के अंधकार को मिटाने लिया संकल्प

शाम को आयोजित दीप महायज्ञ कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर उपस्थित लोगों ने नशे के अंधकार को मिटाने और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। स्थानीय नागरिक अपने घरों से पांच-पांच दीपक लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। चारों ओर दीपों की जगमगाहट ने पूरे परिसर को दीपावली जैसा स्वरूप प्रदान कर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र को कमजोर करता है। यदि समाज संगठित होकर संकल्प ले, तो नशे जैसी बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जागरूकता, संस्कार और सामूहिक प्रयासों से नशामुक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन एफ्लेक का टैटू, इंटरनेट पर वायरल



सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स' मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था।

लेकिन अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।'बेन एफ्लेक ने भी उसी समय एक मैचिंग टैटू बनवाया था, जिसमें दो क्रॉस एरो के साथ 'J' और 'B' लिखा था। हालांकि, अब यह साफ नहीं है कि उनके पास वह टैटू अभी भी है या नहीं।

### टॉलीवुड

## राम चरण बोले- 'पेद्दी'हर किसी को प्रभावित करेगी, बताया जमीनी फिल्म

तेलुगु स्टार राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच फिल्म को लेकर राम चरण



का कहना है कि 'पेद्दी' की कहानी ग्रामीण पहचान पर आधारित है और उन्हें विश्वास है कि यह हर पीढ़ी के लोगों को पसंद आएगी। राम चरण ने कहा कि यह तीन खेलों का संगम है। यह एक क्रॉसओवर एथलीट की तरह है। यह एक बेहद जमीनी फिल्म है, यह हमारी मिट्टी की कहानी है और मुझे ऐसी जमीनी और प्रेरणादायक कहानी का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हर किसी को प्रेरित करेगी।झे लगता है कि आम तौर पर हमें जिम्मेदार होना पड़ता है, चाहे वह 'आरआरआर' हो या कोई और फिल्म। हर फिल्म को हम पूरी ईमानदारी और उसी जोश के साथ करते हैं, जैसा हमने पिछली हिट फिल्मों के लिए किया था। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि यह कोई अतिरिक्त दबाव है। हम हर फिल्म के साथ यही करते हैं। फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर भी इस दौरान मौजूद थीं। अपने किरदार को लेकर जान्हवी का कहना है कि मुझे लगता है कि यह मुझे उत्साहित करता है और मेरे काम का यही हिस्सा मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। जहां आपको अपने कम्फर्ट जोन से बाहर की चीजों को एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है। जान्हवी बिना किसी दबाव के हर प्रोजेक्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने में विश्वास रखती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं काम पर ज्यादा ध्यान देने की कोशिश कर रही हूं और इसे जिम्मेदारी की तरह देखती हूं, दबाव की तरह नहीं। मेरा मानना है कि हर अवसर को अपना सर्वश्रेष्ठ देना और जो भी काम कर रही हूं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना जिम्मेदारी है। दबाव ऐसी चीज है जिस पर मैं ध्यान नहीं देना चाहती। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेद्दी' में पेद्दी को एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में दिखाया गया है, जो क्रिकेट, कुश्ती और दौड़ जैसी कई खेलों में महारत हासिल करके अपनी रोजी-रोटी कमाता है। गांव के हर बच्चे का चहेता, पेद्दी की बढ़ती लोकप्रियता एक जमींदार को परेशान करती है।

### भोजपुरी

## अक्षय के साथ काम करके फूली नहीं समा रहीं अक्षरा, फैंस से की गुजारिश

अभिनेत्री अक्षरा सिंह, अक्षय कुमार के साथ काम करके काफी खुश हैं। उन्होंने अभिनेता के साथ अपने नए गाने को लेकर



सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह हाल ही में रिलीज हुए अपने गाने 'घिस घिस' को लेकर चर्चा में हैं। इस गाने में वह बॉलीवुड के मशहूर एक्टर अक्षय कुमार के साथ नजर आई हैं। यह गाना अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का है। इस गाने को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री ने अक्षय कुमार के साथ एक फोटो शेयर की है और एक पोस्ट लिखी है। अक्षरा सिंह गाना पसंद करने के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया है। अभिनेत्री ने तस्वीर के साथ लिखा 'एक कलाकार के लिए इससे खूबसूरत एहसास शायद कुछ नहीं होता। घिस घिस घिस गाना पसंद करने के लिए धन्यवाद। आप लोगों का दिल से शुक्रिया। हमेशा याद रहेगा ये प्यार। इस गाने पर सिर्फ व्यू नहीं मिले बल्कि प्यार मिला, कमेंट मिले, यह सब दिल तक पहुंचे। इतने अपने लोग साथ खड़े हैं, इतना प्यार दे रहे हैं सच में बहुत खुश और कृतज्ञ महसूस कर रही हूं। आपको बता दें कि 'घिस घिस घिस' गाने में अक्षय कुमार ने अक्षरा सिंह के साथ डांस किया है। वह शॉर्ट कुर्ता और पजामा में हैं। वहीं अक्षरा सिंह साड़ी में नजर आ रही हैं। गाना भोजपुरी अंदाज में फिल्माया गया है। गाने के बोल भी भोजपुरी में हैं। गाने के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। इसे विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कई कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी और जैकी श्रॉफ शामिल हैं।

### आउटडोर फ़ैशन

लाइफ

उपयोगिता और स्ट्रीट-रेडी स्टाइल के बीच आउटडोर फ़ैशन एक बेहतरीन संतुलन बनाता है।यह एक ऐसा चलन है जो टेकवियर के बढ़ते प्रभाव से प्रेरित है। आउटडोर के लिए कपड़े पहनने का आधुनिक नज़रिया स्मार्ट लेयरिंग, मौसम-रोधी कपड़ों और मज़बूत डिज़ाइनों पर केंद्रित है, जो शहर में भी उतने ही अच्छे लगते हैं जितने कि पहाड़ों की पगडंडियों और खेतों की मेड़ पर।



## गोल्डन लटकन के डिजाइंस हैं सबसे खास

बाजार में रेडीमेड कपड़े मिलते हैं उसमें कोई भी लटकन को लगा दिया जाता है। इससे कई बार ड्रेस अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप अपनी पसंद की गोल्डन लटकन लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट सुंदर लगेगा।

### गोल्डन बीड्स वाली लटकन

अगर आप सूट, साड़ी के ब्लाउज या लहंगे में लगाने के लिए लटकन सर्च कर रही हैं, तो इसके लिए आप इन बीड्स वाली लटकन लगा सकती हैं। इसे आप पीछे बैक डिजाइन वाली डोरी पर भी लगा सकती हैं। साथ ही, आगे अगर आप डोरी डिजाइन के लिए लगा रही हैं, तो उसपर भी इस तरह की लटकन को लगा सकती हैं।

### गोल्डन बटन डिजाइन वाली लटकन

आप कुछ नया ट्राई करने के लिए इस बटन डिजाइन वाले लटकन को भी अपने आउटफिट में लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट फैंसी लगेगा। इसमें आपको बटन और बीड्स के साथ लटकन का डिजाइन मिलेगा। इसे आप ब्लाउज में लगा सकती हैं। साथ ही, लहंगा या अन्य आउटफिट में इसे लगा सकती हैं।



### मिरर वर्क लटकन डिजाइन

अगर आपको अपने आउटफिट को फैंसी बनाना है, तो इसके लिए आप इस मिरर वर्क वाली लटकन को लगा सकती हैं। इसमें आपको राउंड से लेकर स्क्वेयर डिजाइन में यह लटकन मिल जाएगी। जिसे आप सूट, साड़ी के ब्लाउज और लहंगे में लगा सकती हैं।


## मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस आपके मन भाएंगे





पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो कुछ लेटेस्ट डिजाइन आप एक बार ट्राई कर सकती हैं। जब मंगलसूत्र डिजाइन का चुनाव करने की बारी आती है, तब हम बहुत ही कंफ्यूज हो जाते हैं। हमें बहुत सारी बातों का ध्यान रखना पड़ता कि मंगलसूत्र हैवी हो या लाइट, उसकी कीमत हमारे बजट में हो और दिखने में सबसे अलग भी नजर आए।

### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस





अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप यदि बहुत ज्यादा महंगा मंगलसूत्र नहीं खरीदना चाहती हैं, तो 14, 18 और 20 कैरेट गोल्ड में आपको लाइटवेट मंगलसूत्र मिल जाएगा। आप इस तरह के मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं। यह मंगलसूत्र भी आपको ऑर्डर पर बनवाना होगा और इसमें अधिकांश लाइटवेट मंगलसूत्र ही आपके देखने को मिलेंगे।

### कुंदन मंगलसूत्र डिजाइन

अगर आप हाथ और गले दोनों के लिए मैचिंग मंगलसूत्र डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको गोल्ड एवं आर्टिफीशियल दोनों में ही इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे।

## लिपस्टिक को फ्रिज में रखना कितना जरूरी, जानिए यहां



मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं। ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं? लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं और सभी टेक्सचर को हम फ्रिज में नहीं रख सकते हैं। अक्सर गर्मी के मौसम में हम ज्यादातर क्रेयॉन या वैक्स लिपस्टिक को पिघलने से बचाने के लिए फ्रिज में रखना पसंद करते हैं। इसके अलावा लिप्स को गर्मी के मौसम में ठंडक देने के लिए भी लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए? मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट, ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं। किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए?

## पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं हैक्स

40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹

क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं। आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय



एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं।

ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं। इस मिश्रण को आप लगा छोड़ सकती हैं। इससे भी डार्क स्पॉट्स कम होंगे और आंखों में चमक भी बढ़ेगी।

### कार्नर न्यूज

### पुरुषों के लिए फैशन में ऑप्शन कम, चुनें सावधानी से

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाइए स्टाइलिश और मिनिमल लुक, भरी महफिल में मुड़-मुड़ कर देखेंगे लोग

कुछ फैशन जेंडर न्यूट्रल होते है। जिसमें आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। ऐसे मौके पर पुरुष इन्हें अपना सकते हैं जब उनके पास विकल्प कम हो। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते



हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए-सस्पेंडर बेसबॉल कैप स्कार्फ बेल्ट जैकेट के लिए पिन टाई सनग्लासेस

### 3.ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं। लेकिन ये टी शर्ट स्ट्रेट जींस के साथ भी बेहतरीन लगती हैं। लेकिन हां, इन टी शर्ट के साथ ब्लू जींस पहनकर आप ऊब चुके हैं तो आप ग्रे जींस भी चुन सकते हैं। ग्रे जींस के साथ हलके रंग की टी शर्ट ही नहीं डार्क कलर की टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। ग्राफिक का लुक आप खुद ही चुन सकते हैं। इस लुक पर फ्लोरोसेंट कलर वाली टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। इसलिए अगर अभी तक आप इन रंगों को पहनने से बचते थे तो अब ऐसा न कीजिए। अब इनको भी लुक में आराम से शामिल कीजिए।

### बरमूडा के साथ हवाईयन शर्ट

वो गोवा वाली शर्ट तो आपको याद ही होंगी, जो आपने खासतौर पर इस ट्रिप पर पहनी थीं। इस शर्ट को ही हवाईयन शर्ट कहते हैं। ये वही शर्ट है जो किसी एक जेंडर की बात नहीं कहती है बल्कि ये तो जेंडर न्यूट्रल होती हैं। इन शर्ट को आप बरमूडा के साथ पहनें। ये ड्रेस आप दोस्तों के साथ हैंगआउट करते हुए भी पहन सकते हैं और यूंहीं घर पर मस्ती करते हुए भी।

